देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन,
इंदौर – 452 001

क्र.प्रशा./अट्ठाईस(1)/स्व.प/2020/108/ दिनांक : 31/01/2020

पदक निर्माण हेतु निविदा सूचना

विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्ण/रजत पदकों के निर्माण हेतु दिनांक 17/02/2020 तक निविदा आमंत्रित की जाती है । पदक निर्माण संबंधी विवरण प्रशासकीय कार्यालय में एवं विश्वविद्यालय की वेब साईट www dauniv.ac.in से प्राप्त किया जा सकता है । स्वर्ण पदकों की अनुमानित संख्या 232 तथा रजत पदकों की संख्या 32 है ।

निविदा सीलबंद लिफाफे में निर्धारित तिथि तक पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट से प्राप्त की जावेगी ।

कुलसचिव

पृ. क्र.प्रशा./अट्ठाईस(1)/स्व.प/2020/108 दिनांक : 31-01-2020

प्रतिलिपि : विभागाध्यक्ष, आई.टी. सेन्टर की ओर उपर्युक्त निविदा तथा निविदा की शर्ते एवं संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु प्रेषित है।

उप कुलसचिव(प्रशासन)

निविदा/भाव पत्र

प्रति,

कुलसचिव,
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय
इन्दौर

महोदय,

मैं/प्रोपाइटर (नाम)..
पता...

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,इन्दौर द्वारा स्वर्ण पदक एवं रजत पदकों के निर्माण के लिए निविदा देने हेतु इच्छुक हूँ।

1. मैंने संबंधित नियमावली की सभी शर्ते पढ़कर अच्छी तरह समझ ली है। मैं उनका पालन पूर्णतः करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।
2. स्वर्ण पदक के निर्माण हेतु रूपये....................(अक्षरी रूपये................ ....) तथा रजत पदक निर्माण हेतु रूपये................(अक्षरी रूपये.. ....) प्रति पदक की दर से बनाने का इच्छुक हूँ । मैं निविदा की निर्धारित शर्तो के अधीन कार्य करने हेतु सहमत हूँ।

टेण्डरदाता के हस्ताक्षर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

स्वर्ण तथा रजत पदक का विवरण तथा प्रदाय संबंधी शर्तें

1. स्वर्ण (मढित) पदक मूलतः चांदी का होकर उस पर स्वर्ण (गोल्ड) प्लेटिंग कराया जावेगा ।

2. स्वर्ण पदक का डाइमीटर (व्यास) 3.3 सेंटीमीटर रहेगा । उसमें 20 ग्राम चांदी रहेगी एवं उस पर गोल्ड प्लेटिंग कराया जावेगा । इसके लिए 24 कैरेट शुद्धता का 400 मिलीग्राम स्वर्ण प्रयुक्त किया जावेगा । पदक के शीर्ष पर एक हुक रहेगा ।

3. स्वर्ण पदक का डाइमीटर (व्यास) 3.3 सेंटीमीटर रहेगा । उसमें 20 ग्राम चांदी रहेगी । पदक के शीर्ष पर एक हुक रहेगा ।

4. प्रत्येक पदक के एक ओर विश्वविद्यालय की मुद्रा तथा दूसरी ओर पदक का विवरण जैसे पदक का नाम, छात्र और उसके महाविद्यालय का नाम, परीक्षा आदि की सूचना विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार अंकित करनी होगी ।

5. प्रत्येक पदक के साथ डिब्बी (प्रजेन्टेशन बाक्स) भी देना होगा । डिब्बी का नमूना कार्यालय में देखा जा सकता है । इसी नमूने के अनुसार ही डिब्बी देनी होगी । साथ में प्रत्येक प्रजेन्टेशन के भीतर वाले हिस्से में पदक के निर्माण में प्रयुक्त की गई सामग्री एवं उसके आकार तथा वजन का विवरण भी देना होगा ।

6. सफल निविदाकार को निविदा स्वीकृत होने की दशा में अनुमानित मूल्य का कम से कम 3 (तीन प्रतिशत) अर्नेस्ट मनी का डी.डी. कुलसचिव, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के नाम जमा कराना होगा । यह डिमाण्ड ड्राफ्ट पदकों के प्रदाय के पश्चात् वापसी योग्य होगा ।

7. यदि पदक निर्धारित विवरण के अनुसार नहीं निर्मित किये गये तो उन्हें स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

8. किसी भी निविदा को पूर्ण रूप से या उसके हिस्से को बिना कारण बताए स्वीकार करने का अधिकार कुलसचिव के पास सुरक्षित है ।

9. सभी पदकों को तैयार करने हेतु आदेश देने की तिथि से 10 दिनों के भीतर प्रदाय करना होगा अन्यथा रूपये 2000/– प्रतिदिन दण्ड स्वरूप देयक में से कटौत्रा किया जावेगा ।

10. सफल निविदाकार देयक दो प्रतियों में प्रस्तुत करेंगे । देयक प्राप्ति के पश्चात जी.एस.टी. एवं समस्त कर सहित का भुगतान किया जावेगा ।

11. निविदा दिनांक 17.02.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी एवं दिनांक 19.02.2020 को सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी । इस संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा । पदकों के प्रदाय संबंधी कोई विवाद उत्पन्न होने पर कुलपति महोदय का निर्णय अंतिम होकर दोनों के लिए बंधनकारी होगा ।

12. निविदाकारों को लाइसेंस हॉलमार्क का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र भी निविदा के साथ भारत सरकार की प्रमाणित संस्थान से मानक प्रमाण पत्र अनिवार्य प्रस्तुत करना होगा ।

13. निविदा दर प्रपत्र की राशि रूपये 1000/– (अक्षरी एक हजार मात्र) विश्वविद्यालय के केश काउण्टर में नगद/डी.डी. कुलसचिव देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,इन्दौर के नाम देय हो जमा कर प्रशासन विभाग से दिनांक 16.02.2020 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है ।

14. निविदा आवेदन निर्धारित प्रपत्र में एवं कार्यालय द्वारा प्रदान किये गये लिफाफे जिस पर स्वर्ण/रजत पदक की निविदा "स्पष्ट" रूप से अंकित कर सील बंद लिफाफे में प्रेषित करें । ऐसा नहीं किये जाने पर निविदा स्वीकार योग्य नहीं होगी ।

15. किसी भी वाद की स्थिति में न्याय का क्षेत्राधिकार इन्दौर रहेगा ।

सही /–

कुलसचिव

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,इन्दौर